# Women Cell

Dr. Bhimrao Ambedkar University, Agra

*"Empowering Women, Shaping Tomorrow"*

# डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा

# महिला प्रकोष्ठ

माननीय कुलपति महोदया प्रोफेसर आशु रानी जी के कुशल नेतृत्व में डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा में महिलाओं और छात्राओं की समस्याओं के समाधान और निवारण हेतु दिनांक 2 नवंबर 2022 को महिला सेल गठित किया गया।

विश्वविद्यालय में महिला सेल का गठन महिला शिक्षिकाओं, महिला कर्मचारी तथा छात्राओं की समस्याओं के निदान, सर्वांगीण विकास और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए किया गया है।






अधिवक्ता नम्रता मिश्रा



डॉ. निधि पांडेय

# दृष्टि

डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा के परिसर में लैंगिक समानता और सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देना। एक ऐसा समावेशी विश्वविद्यालय बनाना जहां सभी लिंगों के छात्रों, कर्मचारियों और शिक्षकों को समान अवसर, सम्मान और सुरक्षा प्रदान की जाए। साथ ही, महिलाओं को शिक्षा, नेतृत्व और सामाजिक विकास में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाना।

# मिशन:

- विश्वविद्यालय परिसर को महिलाओं के लिए सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण बनाना।
- लैंगिक संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यक्रम और कार्यशालाएं आयोजित करना।
- महिलाओं को शिक्षा और कौशल विकास के अवसर प्रदान करना।
- महिला उद्यमिता को बढ़ावा देना और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना।
- महिलाओं के खिलाफ भेदभाव और हिंसा के मामलों में सहायता और कानूनी सलाह प्रदान करना।
- महिलाओं के अधिकारों और कल्याण के मुद्दों पर शोध और वकालत को बढ़ावा देना।
- विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ मिलकर लैंगिक-समता नीतियों को लागू करना और उनका पालन सुनिश्चित करना।
- छात्राओं और महिला कर्मचारियों के नेतृत्व कौशल को विकसित करना और उन्हें निर्णय लेने की प्रक्रिया में शामिल करना।
- राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान के रूप में पहचान स्थापित करना।

# महिला यौन उत्पीड़न समस्या व समाधान पर कार्यशाला

- डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की ओर से सेठ पद्मचंद संस्थान में 17-12-22 को महिला यौन उत्पीड़न समस्या व समाधान पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने कहा कि यौन उत्पीड़न की आहट सुनाई देने पर उसके विरोध में महिलाओं को आगे आना होगा। कार्यशाला का शुभारंभ कुलपति प्रो. आशु रानी की अध्यक्षता में हुआ।
- उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्या निर्मला दीक्षित ने महिलाओं को आत्मसम्मान और स्वाभिमान के लिए निर्भीकता व निडरता से जीवन के पथ पर चलने की आवश्यकता बताई। वरिष्ठ अधिवक्ता सिविल कोर्ट नम्रता मिश्रा ने कहा कि विवि में महिला सेल का गठन होना एक अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि जहां सामने वाले व्यक्ति की मंशा गलत होती है वहीं यौन उत्पीड़न होता है। आप सभी को पता होना चाहिए कि यौन उत्पीड़न आखिर हैं क्या। जैसे बिना सहमति के टच करना, अश्लील वीडियो या क्लिप भेजना, ये सभी यौन उत्पीड़न के उदाहरण हैं। उन्होंने यौन उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने के लिए महिलाओं और छात्राओं को शपथ दिलाई।
- समन्वयक महिला सेल प्रो. विनीता सिंह, सह समन्वयक प्रोफेसर अचला गक्खर, प्रो. प्रोफेसर मोहम्मद अरशद, श्रीजी, वाणी अग्रवाल, डॉ. स्वाति माथुर, प्रो. यूएन शुक्ला, डॉ. रतना पांडेय, डॉ. राजीव वर्मा, डॉ. रश्मि शर्मा आदि मौजूद रहे।


डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
महिला सैल
कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़नः
समस्या एवं समाधान
वक्ता
श्रीमती निर्मला दीक्षित
पूर्व सदस्य, महिला आयोग, उ.प्र.
श्रीमती नर्मता मिश्रा
वरिष्ठ अधिवक्ता सिविल कोर्ट
सुश्री सुकन्या मिश्रा
सहायक पुलिस उपायुक्त
अध्यक्षता
प्रो. आशु रानी
कुलपति
प्रो. विनीता सिंह
समन्वयक
प्रो. अचला गक्खर
सह-समन्वयक
डॉ. स्वाती माथुर
कार्यक्रम संयोजक
दिनांक : 17 दिसम्बर, 2022 समय : प्रातः 11:00 बजे
स्थान : सेठ पदम चन्द जैन प्रबन्ध संस्थान, खदारी परिसर, आगरा


खंदारी, आगरा





# स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन

- डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ एवं हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 02/02/ 2023 को स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के जुबली हॉल में किया गया।
- जाँच शिविर का लगभग 300 से ज्यादा छात्राओं ने लाभ उठाया। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय की शिक्षिकाओं एवं महिला कर्मचारियों ने भी स्वास्थ्य जाँच शिविर में आंखों की जाँच, रक्त जाँच, ब्लड प्रेशर जाँच एवं अन्य बीमारियों की जाँच निशुल्क करायीं।
- कार्यक्रम का उद्घाटन प्रतिकुलपति प्रो. अजय तनेजा द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य जाँच शिविर की आयोजिका प्रो. विनीता सिंह एवं प्रो. अचला गक्खड, महिला प्रकोष्ठ के अन्य सदस्य प्रो. दीपमाला श्रीवास्तव, डॉ. नीलम यादव, डॉ. रतना पाण्डे, डॉ. शिल्पी लवानियाँ मौजूद रहे।
- इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रो. रनवीर सिंह, डॉ. मो. हुसैन, डॉ. राजेश कुशवाहा, शिवांगी, नेहा, दिव्या, रजत इत्यादि का सहयोग रहा। डॉ. शशिपाल सडाना, डॉ. गगन बंसल, डॉ. सीमा सडाना, डॉ. सलोनी, डॉ. हरवरी चौहान, डॉ. संध्या गुप्ता, डॉ अंकित गुप्ता ने प्रतिभाग किया।


महिला प्रकोष्ठ
डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
एवं
हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन
के संयुक्त तत्वाधान में
स्वास्थ्य जांच शिविर
विश्वविद्यालय के समस्त छात्राएं, महिला शिक्षिकाएं,
महिला अधिकारी एवं कर्मचारी गण के लिए आयोजित
प्रमुख डॉक्टर
डॉ. शशिपाल सडाना (Ortho) डॉ. गगन बंसल (Physician) डॉ. सीमा सडाना (Pathology) डॉ. सलोनी सिंह बघेल (ENT)
डॉ. हरवीर चौहान (Dentist) डॉ. संध्या गुप्ता (Skin & Cosmetologist) डॉ. अजय गुप्ता (Dentist)
अध्यक्षता
प्रो. आशु रानी
कुलपति
श्रीमती सुमन सुराना
संस्थापक, अध्यक्ष हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन
प्रो. अचला गक्खर
सह-समन्वयक
प्रो. विनीता सिंह
समन्वयक
दिनांक : 2 फरवरी, 2023 समय : 10:00 से 1:00
स्थान : जुबली हॉल, पालीवाल पार्क परिसर, आगरा







# जिला कारागार, आगरा में भजन संध्या का आयोजन

- दिनांक 30/03/ 2023 को महिला प्रकोष्ठ डॉ.भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय , आगरा द्वारा जिला कारागार, आगरा में महिलाओं हेतु गायत्री परिवार के सहयोग से "भजन संध्या" का आयोजन किया गया ।
- जिला कारागार में बंद 140 महिला को रामनवमी के उपलक्ष में भजन संध्या के माध्यम से प्रेरित करते हुए समाज की मुख्यधारा से जोड़कर रामनवमी का उत्सव मनाने का एक प्रयास विश्वविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ के द्वारा किया गया ।
- भजन संध्या के उपरांत महिला प्रकोष्ठ डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की ओर से 140 बंदी महिलाओं एवं उनके साथ रह रहे 14 बच्चों को आवश्यक सामग्री,लेखन सामग्री एवं खिलौने वितरित किए गए ।
- भजन गायन में गायत्री परिवार के पं.बैजनाथ, श्रीमती प्रतीक्षा,श्री गिरिधर गोपाल एवं प्रशांत बाबू ने भजन गाकर अपना सहयोग दिया साथ ही कारागार में बंदी महिलाओं ने भी सुंदर भजन गाकर अपनी प्रतिभागिताता पूर्ण रूप से जताई ।
- भजन संध्या कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. आशु रानी जी ने किया।कार्यक्रम की संयोजक डॉ.नीलम यादव , सह संयोजक डॉ. राजीव वर्मा एवं डॉ. मोहम्मद हुसैन रहे । कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष प्रो. विनीता सिंह एवं सदस्य डॉ रत्ना पांडे, डॉ. वर्षा रानी (संस्कृत - विभाग) एवं छात्रा संतोष कुमारी (भाषा - विज्ञान ) डॉ.अनुराधा चौहान उपस्थित रही।इसके अतिरिक्त जेल सुप्रिन्टेंडेंट श्री पी.डी. सलोनिया एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे ।


डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
महिला प्रकोष्ठ
द्वारा
जिला कारागार, आगरा में महिलाओं हेतु
भजन संध्या
अध्यक्षता : प्रो. आशु रानी, कुलपति
बृहस्पतिवार, 30 मार्च, 2023 • शाम 3 से 5 बजे तक
डॉ. मो. हुसैन
सह-संयोजक
डॉ. राजीव वर्मा
सह-संयोजक
डॉ. नीलम यादव
कार्यक्रम संयोजक
प्रो. अचला
सह-समन्वयक
प्रो. विनीता सिंह
समन्वयक







# लोगो तथा टैगलाइन प्रतियोगिता का आयोजन

- डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के महिला प्रकोष्ठ (वूमेन सेल) के द्वारा माननीय कुलपति प्रोफेसर आशूरानी जी के संरक्षण में विश्वविद्यालय के महिला सेल ने दिनांक 20 सितंबर 2023 को लोगो तथा टैगलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया |
- इस प्रतियोगिता को संस्कृति भवन ललित कला संस्थान में आयोजित किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 75 विद्यार्थियों ने नामांकन कराया व प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर विनीता सिंह सहसंयोजक प्रोफेसर अचला गक्खर तथा प्रोग्राम कोआर्डिनेटर डॉ रत्ना पांडे ने अपनी देखरेख में प्रतियोगिता को कराया, सहयोगी के रूप में प्रोफेसर लवकुश मिश्रा, प्रोफेसर बीपी सिंह, डॉक्टर मोनिका अस्थाना, श्रीमती पूजा सक्सेना उपस्थित रहे, तथा संस्थान के शिक्षक डॉ अरविंद राजपूत, डॉ मनोज कुमार ने तथा सभी शिक्षकों ने सहयोग दिया ।







# स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता एवं निःशुल्क जाँच शिविर का किया आयोजन

- डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ एवं अमर उजाला के सयुंक्त प्रयास और कुलपति प्रो. आशु रानी की अध्यक्षता में गृह विज्ञान संस्थान में स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता एवं निःशुल्क जाँच शिविर का आयोजन किया गया।
- कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं वक्ता एस. एन. मेडिकल कॉलेज की कैंसर विभागध्यक्ष डॉ सुरभि गुप्ता थी और विशिष्ट अतिथि स्त्री रोग विभाग से डॉ दिव्या शर्मा थी।
- यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के समस्त महिला अधिकारी व शिक्षिकाओं, छात्राओं, एवं महिला कर्मचारीजनों के लिए आयोजित किया गया।
- जिसमे कुल 150 महिलाओं की स्तन कैंसर की निःशुल्क जाँच डॉ सुरभि गुप्ता द्वारा की गयी।


Women Cell
महिला प्रकोष्ठ , गृह विज्ञान संस्थान
डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
एवं अमर उजाला के संयुक्त तत्वाधान में
स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता
एवं
नि:शुल्क जाँच शिविर
विश्वविद्यालय के समस्त महिला अधिकारी, महिला शिक्षिकाएं, छात्राएं
एवं महिला कर्मचारीजनों के लिए आयोजित
डॉ. दिव्या शर्मा
अध्यक्षता
प्रो. आशु रानी
कुलपति
डॉ. सुरभि गुप्ता
प्रो. अर्चना सिंह
कार्यक्रम सह-संयोजक
सह-समन्वयक एवं कार्यक्रम संयोजक
प्रो. विनीता सिंह
समन्वयक - महिला प्रकोष्ठ
दिनांक : 27 जनवरी 2024 समय : 12:00 बजे
स्थान : गृह विज्ञान संस्थान, खन्दारी, आगरा


महिला

# महिला सेल सुर्खियों में....

## ‘महिलाओं को अन्याय के खिलाफ आगे आना होगा’



कार्यशाला को संबोधित करती वरिष्ठ अधिवक्ता सिविल कोर्ट नम्रता मिश्रा।

### सेठ पद्मचंद संस्थान में महिला यौन उत्पीड़न की समस्या व समाधान पर हुई कार्यशाला

आगरा। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की ओर से सेठ पद्मचंद संस्थान में शनिवार को महिला यौन उत्पीड़न समस्या व समाधान पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने कहा कि यौन उत्पीड़न की आहट सुनाई देने पर उसके विरोध में महिलाओं को आगे आना होगा। अब महिलाओं के लिए विशेष कानून हैं। उन्हें चुपकर नहीं खुलकर अपने ऊपर हो रहे अन्याय के लिए लड़ना होगा।

कार्यशाला का शुभारंभ कुलपति प्रो. आशु रानी की अध्यक्षता में मां सरस्वती वंदना के साथ हुआ। उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्या निर्मला दीक्षित ने महिलाओं को आत्मसम्मान और स्वाभिमान के लिए निर्भीकता व निडरता से जीवन के पथ पर चलने की आवश्यकता बताई। वरिष्ठ अधिवक्ता सिविल कोर्ट नम्रता मिश्रा ने कहा कि विवि में महिला सेल का गठन होना एक अच्छी पहल है।

उन्होंने कहा कि जहां सामने वाले व्यक्ति की मंशा गलत होती है वहीं यौन उत्पीड़न होता है। आप सभी को पता होना चाहिए कि यौन उत्पीड़न आखिर है क्या। जैसे बिना सहमति के टच करना, अश्लील वीडियो या क्लिप भेजना, ये सभी यौन उत्पीड़न के उदाहरण हैं। उन्होंने यौन उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने के लिए महिलाओं और छात्राओं को शपथ दिलाई। समन्वयक महिला सेल प्रो. विनीता सिंह, प्रो. प्रोफेसर मोहम्मद अरशद, बीजी, स्वाति अग्रवाल, डॉ. स्वाति माथुर, प्रो. पूनम शुक्ला, डॉ. रतना पांडेय, डॉ. राजीव वर्मा, डॉ. रश्मि शर्मा आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

## विवि में महिला सेल द्वारा कार्यशाला का आयोजन

आगरा (एसएनबी)। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के महिला सेल द्वारा शनिवार को कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न समस्या एवं समाधान विषय पर कुलपति प्रो. आशु रानी की अध्यक्षता में सेठ पदम चंद जैन संस्थान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना के साथ किया गया। महिला आयोग की सदस्य निर्मला दीक्षित ने सभागार में उपस्थित सभी महिलाओं को आत्मसम्मान और स्वाभिमान के लिये निर्भीकता एवं निडरता से जीवन के पथ पर चलने की आवश्यकता बताई। उन्होंने बताया लैंगिकता का अनुपात कुदरत ने नहीं बनाया, यह समय परिवर्तन के साथ समाज में विकसित हुआ है। महिलाओं के अन्याय सिर्फ कार्य स्थल पर ही नहीं, घर से भी शुरू होता है। इसीलिए हम सबको सिर्फ बेटी ही नहीं, घर में बेटों को भी संस्कार देने चाहिए। बच्चों को रिश्तों की अहमियत और स्त्री के प्रति स्नेह, प्रेम और प्यार की परिभाषा समझाएं। आज के विषय पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने आत्मसम्मान के लिए कार्य करना होगा सभी को साथ लेकर चलना होगा, लड़का/लड़की का भेदभाव खत्म करना होगा।

## ‘महिलाओं को अन्याय के खिलाफ लड़ना होगा’

### डा. आंबेडकर विश्वविद्यालय में महिला यौन उत्पीड़न की समस्या व समाधान पर कार्यशाला



## सार सुर्खियां

### विवि में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



आगरा (भास्कर ब्यूरो)। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ एवं हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के जुबली हॉल में किया गया। जाँच शिविर का लगभग 300 से ज्यादा छात्राओं ने लाभ उठाया। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय की शिक्षिकाओं एवं महिला कर्मचारियों ने भी स्वास्थ्य जाँच शिविर में आंखों की जाँच, रक्त जाँच, ब्लड प्रेशर जाँच एवं अन्य बीमारियों की जाँच निशुल्क करायीं। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रतिकुलपति प्रो. अजय तनेजा द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य जाँच शिविर की आयोजिका प्रो. विनीता सिंह एवं प्रो. अचला गक्खड, महिला प्रकोष्ठ के अन्य सदस्य प्रो. दीपमाला श्रीवास्तव, डॉ. नीलम यादव, डॉ. रतना पाण्डे, डॉ. शिल्पी लवानियाँ मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के शिक्षक प्रो. रनवीर सिंह, डॉ. मो. हुसैन, डॉ. राजेश कुशवाहा, शिवांगी, नेहा, दिव्या, रजत इत्यादि का सहयोग रहा। डॉ. शशिपाल सडाना, डॉ. गगन बंसल, डॉ. सीमा सडाना, डॉ. सलोनी, डॉ. हरवरी चौहान, डॉ. संध्या गुप्ता, डॉ अंकित गुप्ता ने प्रतिभाग किया।

## शिविर में 400 लोगों की जांच

आगरा। हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन, आंबेडकर विवि की ओर से जुबली हॉल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा। संस्थापक अध्यक्ष सुमन सुराना ने बताया की विशेषज्ञों ने ईएनटी, त्वचा, हड्डी के साथ ही अन्य सामान्य जांच की। लगभग 400 से अधिक लोगों का परीक्षण किया गया। डॉ. शशिपाल सड़ाना, डॉ. गगन बंसल, डॉ. सीमा, डॉ. हरवीर सिंह चौहान, डॉ. सलोनी सिंह व अन्य रहे।

## एनजीओ ने यूनिवर्सिटी में कराई 400 कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच

PIC : DAINIK JAGRAN INEXT



कैंप में जांच करते डॉक्टर.

### यूनिवर्सिटी के जुबली हॉल हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन ने लगाया कैंप

agra@inext.co.in

AGRA (2 Feb.) : शहर की अग्रणीय सामाजिक संस्था एनजीओ हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन की ओर से विश्वविद्यालय में 400 प्रोफेसर, बालिकाओं व महिला कर्मचारी की जांच की गई. शहर की सामाजिक संस्था एनजीओ हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर यूनिवर्सिटी के संयुक्त सहयोग से 2 फरवरी को फ्री स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया. यह आयोजन भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के जुबली हॉल में आयोजित किया गया. कैंप का शुभारंभ एनजीओ की अध्यक्ष एवं फाउंडर सुमन सुराना एवं वाइस चांसलर तनेजा ने किया. इस कैंप में डॉ. शशिपाल सडाना, डॉ. गगन बंसल, डॉ. सीमा सडाना, डॉ. हरवीर सिंह चौहान, डॉ. सलोनी सिंह बघेल, डॉ. अभिनव शर्मा, डॉ. अंकित गुप्ता, डॉ. संध्या गुप्ता, डाइटिशियन दीपक आदि इन सभी ने अपनी इस कैंप में फ्री सेवाएं प्रदान की. वहीं एनजीओ की अध्यक्ष सुमन सुराना सचिव डॉ. हरवीर सिंह चौहान, उपाध्यक्ष रिचा गोयल, आदि एक्जीक्यूटिव मेंबर्स की उपस्थिति के अलावा एनजीओ के वॉलिंटियर्स अनीता, प्रिया, निशा, राहुल, तनु, कीर्ति, अनामिका, संध्या, दीपक, शिवम आदि ने अपनी सेवाएं दी.

# Thank You